मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-244**
07/04/2023

# 1 अणे मार्ग में दावत–ए–इफ्तार का आयोजन, बड़ी संख्या में रोजेदारों ने की शिरकत

पटना, 07 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में पवित्र रमजान के अवसर पर रोजेदारों को दावत–ए–इफ्तार पर आमंत्रित किया। दावत–ए–इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर इफ्तार के पहले मित्तन घाट के सज्जादानशीं हजरत सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनअमी ने रमजान एवं रोजे की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला और सामूहिक दुआ की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित आमंत्रित अतिथियों ने सामूहिक दुआ में शामिल होकर राज्य की तरक्की, प्रगति, आपसी भाईचारे एवं मोहब्बत के लिए खुदा–ए–ताला से दुआयें कीं।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बारी–बारी से तमाम आगत अतिथियों एवं रोजेदारों का स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी, बिहार विधान परिषद के सभापति श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री मो0 इसराईल मंसूरी सहित अन्य मंत्रीगण, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मोहम्मद इर्शादुल्लाह, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री अफजल अब्बास सहित अन्य विधायकगण, विधान पार्षदगण, राज्य के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि आप सभी को इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूॅ। हर वर्ष इसका आयोजन होता रहा है। आज के आयोजन में राज्य के विभिन्न जगहों से कई लोग आये हैं। मुझे इसकी खुशी है। सभी लोगों को मिलजुल कर प्रेम के साथ रहना है। वर्ष 2017 में 'नेक संवाद' बनाया गया और यहीं से इसकी शुरुआत की गयी। सिर्फ दो वर्ष कोरोना के कारण इसका आयोजन नहीं हुआ, बाकी हर वर्ष इसका आयोजन होता रहा है। सब लोगों के लिये हमलोग इंतजाम करते हैं और आपलोगों को भी आमंत्रित करते हैं, आप सब लोग भी आते हैं बहुत अच्छा लगता है।

दावत–ए–इफ्तार के आयोजन पर कुछ लोगों के ऐतराज होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका आयोजन सरकार की तरफ से किया जाता है। विपक्ष के लोग और अन्य दलों के लोग भी पार्टी के स्तर पर इसका आयोजन करते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात किये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वो आज नहीं तीन दिन पहले ही बात हुई है। उनसे बात होती रहती है।

*******